भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 793
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला
उत्तर

एविएशन पार्क की विशेषताएं

793. श्री कृपानाथ मल्लाहः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नागर विमानन मंत्रालय में नव-उद्घाटित एविएशन पार्क की प्रमुख विशेषताएं और महत्व क्या हैं तथा इसका उद्देश्य किस प्रकार भारत की विमानन विरासत को प्रदर्शित करना है;

(ख) देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली टिकाऊ सामग्रियों और स्थापत्य संबंधी तत्वों के उपयोग सहित पार्क का डिजाइन इसके शैक्षिक और सांस्कृतिक उद्देश्यों में किस प्रकार योगदान देता है; और

(ग) भारत के नागर विमानन इतिहास में उन प्रमुख पड़ावों का ब्यौरा क्या है जिन्हें इस पार्क में दर्शाया गया है और इस पहल से विमानन उत्साही भावी पीढ़ियों को किस प्रकार प्रेरित किए जाने की आशा है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग)**:** नागर विमानन मंत्रालय के परिसर के भीतर स्थित एविएशन पार्क का उद्घाटन दिनांक 17 अक्टूबर, 2024 को किया गया था। इस एविएशन पार्क में विमान मॉडल का प्रदर्शन किया गया है जो भारत के नागर विमानन क्षेत्र के विकास को दर्शाता है। ये प्रदर्शन विमानन क्षेत्र में प्रगति और नवाचार के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। इस पार्क के विकास में संधारणीयता मुख्य केंद्र-बिंदु रही है। छायादार बैठने वाले क्षेत्रों के लिए बांस जैसी पर्यावरण अनुकूल सामग्री का उपयोग किया गया है, जो हरित निर्माण परिपाटियों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस पार्क के अभिकल्पन में भारत के विविध क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वतः स्थापित वास्तुशिल्प स्तंभ शामिल हैं, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक और वास्तुशिल्प विरासत को उजागर करते हैं। एक समर्पित मार्ग (पाथवे), विमान यात्रा के प्रारंभिक दिनों से लेकर आधुनिक प्रगति तक भारत के नागर विमानन इतिहास की प्रमुख उपलब्धियों की ओर ध्यान आकर्षित करता है, जो आगंतुकों को एक आकर्षक और शैक्षिक अनुभव प्रदान करता है। अपनी सांस्कृतिक और वास्तुशिल्प विरासत के साथ भारत की विमानन उपलब्धियों को समाहित करते हुए यह पार्क एक ऐतिहासिक गंतव्य बनने के लिए तैयार है, जो विमानन उत्साही लोगों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

******